# मुझे बेटा कहकर बुलाना पड़ेगा भजन लिरिक्स

मुझे बेटा कहकर बुलाना पड़ेगा,
जब जब पुकारू बाबा,
देने सहारा तुमको आना पड़ेगा।bd।

तर्ज – जो वादा किया वो।

---

कदम डगमगाए तो,
सहारा भी दोगे,
भटकने लगूँगा तो,
इशारा भी दोगे,
ओ हमसफर बनके नज़र,
रस्ता जीवन का तुमको,
दिखाना पड़ेगा,
मुझे बेटा कहके बुलाना पड़ेगा,
बुलाना पड़ेगा।bd।

---

ये माना की भक्तो में,
शामिल नहीं हूँ,
चरणों के तेरे मैं,
काबिल नही हूँ,
लाख बुरा लाख हूँ पापी,
रिश्ता फ़िर भी तुमको,
निभाना पड़ेगा,
मुझे बेटा कहके बुलाना पड़ेगा,
बुलाना पड़ेगा।bd।

---

तुमको पिता हमने,
यूँ ही ना चुना है,
तू हारे का साथी है,
ये हमने सुना है,
अगर सच है ये जब भी मैं हारूँ,
तुमको आकर मुझको,
जिताना पड़ेगा,
मुझे बेटा कहके बुलाना पड़ेगा,
बुलाना पड़ेगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मुझे दोगे दर्शन,
मैं जब दर पे आऊँ,
तुम भी मुस्कुराओगे,
मैं जब मुस्कुराऊँ,
रजनी तेरी ‘सोनू’ भी तेरा,
जग को ये भी आकर,
बताना पड़ेगा,
मुझे बेटा कहके बुलाना पड़ेगा,
बुलाना पड़ेगा।bd।

मुझे बेटा कहकर बुलाना पड़ेगा,
जब जब पुकारू बाबा,
देने सहारा तुमको आना पड़ेगा।bd।

**Singer – Rajni Ji Rajasthani**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com